RE. ACCIDENT AT DADPUR AND GAURA RAILWAY CROSSINGS

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार और इस सदन का ध्यान रेल मंत्रालय की लापरवाही की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । रेल मंत्रालय की लापरवाही के कारण कल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में दादुपुर और गौरा रेलवे क्रासिंग पर नीलांचल एक्सप्रेस की चपेट में बारात से भरी एक जीप आ गई, जिसमें 12 लोगों की तुरन्त मृत्यु हो गई और दो लोग घायल पड़े हुए हैं । उस पर एक फाटकी भी बनी हुई है, लेकिन उसका दरवाजा कई बार लिखने के बावजूद भी अभी तक नहीं लगा है । मैं आपसे आग्रह करूँगा कि जो मर गये हैं, उनको मुआवजा दिया जाये और दूसरे जहां वह फाटकी नहीं लगी है, उसको तत्काल लगवाया जाए ।

RE. DEMAND OF INQUIRY INTO THE ASSASSINATION OF A HINDU RAKSHA SAMITI ACTIVIST AT DODA IN J&K

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : मैं आपके माध्यम से बहुत ही गम्भीर घटना की ओर माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । माननीय गृह मंत्री जी से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के चार सांसद डोडा जिले की स्थिति पर विचार करने के लिए गये थे । हम लोगों ने आकर अपनी संक्षिप्त रिपोर्ट माननीय गृह मंत्री जी को दी थी । उसके बाद हम को यह दर्दनाक खबर मिली है कि हमारे वहां के विशिष्ट कार्यकर्ता जो हिन्दू रक्षा समिति का मंत्री था, सतीश भण्डारी और जिसने वहां हमारी सभा कराई थी, की हत्या कर दी गई । यह हत्या इतनी दर्दनाक है कि उस हत्या के कारण पूरा क्रिस्टवा बन्द है पूरा भदरवा बन्द है, जम्मु बन्द है । माननीय गृह मंत्री जी यहां मौजूद हैं, मैं आपके माध्यम से उनसे मांग करता हूं कि इसके विशेष जांच कराकर एक रिपोर्ट यहां दें । व यहां के सांसद वहां जायेंगे वहां की स्थिति के निरीक्षण के लिये और उस निरीक्षण करने में जो मदद पहुँचायेगा, उसकी हत्या कर दी जायेगी, तो यह सरकार कैसे चलेगी, यह देश कैसे चलेगा ? मैं गृह मंत्री जी से आश्वासन चाहता हूं कि वह इसकी जांच कराकर यहां उत्तर देंगे ?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): Madam, I will make enquiries into the matter and, if possible, because just one day is left. I will try to come before the House.

RE. SEIZURE OF ILLEGAL SOPHISTICATED ARMS AND AMMUNITION FROM A CONTAINER AT PRAGATI MAIDAN

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : पिछले दिनों प्रगति मैदान के कंटेनर डिपो से बाहर अमरिका की एक कम्पनी से सामान आया था दायर आर्म्स का, जो सोफिस्टकेटेड और माडर्न था, बहुत संख्या में बरामद हुआ है । मैं इस संबंध में गृह मंत्री जी से जानना चाहूगा कि इस सरकार ने आज तक क्या कार्यवाही की ? इस सदन में मैंने पहले भी यह बात उठाई थी ? इस सदन में मैंने पहले भी उठाया था और आपने निर्देश भी दिया था कि सरकार इस बारे में गम्भीरता से सोचे, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चला है । आतंकवादियों की गतिविधियां बढ़ रही हैं । बाहर से भारत की एक कम्पनी ने स्क्रप के नाम पर इतना सामान आयात किया है । इस संबंध में सरकार को चाहिए कि सदन को अवगत करे कि क्या स्थिति है । वह सामान ठीक है या नहीं और कौन सी कम्पनी ने मँगाया है और मंगाया है तो सरकार ने क्या कार्यवाही की है ? यह दिल्ली का मामला है, बाहर का मामला नहीं है । दिल्ली में प्रगति मैदान का